तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 25 जून 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 रोजगार की मांग लेकर भड़के भू-स्वामी चक्काजाम कर ठप किया कोयला परिवहन



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
25 जून 2026
कूपन नं.
5

(अंबिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अंबिकापुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरुपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## दस्तावेज खंगालने पहुंची राजीव गांधी शिक्षा मिशन कार्यालय

# बाहर निकला 15 साल पहले हुए फर्नीचर घोटाले का जिन्न, एसीबी ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा के में 15 साल हुए फर्नीचर घोटाले का जिन्न एकबार फिर से बाहर आया है। बुधवार को एसीबी की टीम ने घोटाले से जुड़े दस्तावेजों को खंगालने के लिए राजीव गांधी शिक्षा मिशन के कार्यालय में दबिश दी। इस दौरान टीम ने खरीदी और भुगतान से संबंधित दस्तावेज खंगाले लेकिन दिनभर चली पड़ताल के बाद सिर्फ कलेक्टर द्वारा कराई गई जांच की रिपोर्ट और कुछ अन्य दस्तावेज जब्त कर अधिकारी वापस लौट गए। ऐसा इस लिए क्यों कि कार्यालय का लेखापाल अवकाश पर था। एसीबी ने अब इस मामले में नोटिस जारी कर खरीदी और भुगतान से जुड़े सभी दस्तावेज सौपने का निर्देश दिया है।

**खास बात**

- मचा हड़कंप, 2011-12 में हुआ था घोटाला, लेखापाल के छुट्टी पर होने से नहीं मिले दस्तावेज

बता दें कि बुधवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम एसीबी डीएसपी प्रमोद खेस के नेतृत्व में कलेक्ट्रोरेट परिसर स्थित राजीव गांधी शिक्षा मिशन के कार्यालय में पहुंची थी। अधिकारी वर्ष 2011-12 में की गई फर्नीचर घोटाले की फाइल खंगालने पहुंचे थे। करोड़ो रूपए के फर्नीचर घोटाला के मामले में राजीव गांधी शिक्षा मिशन के एसपी पाण्डेय समेत छह अन्य व सप्लाई करने वाली लगभग 10 फर्म के खिलाफ ईओडब्ल्यु में आईपीसी की धारा 420,120(बी), पीसी एक्ट की धारा 13(1), 13(2) के तहत अपराध दर्ज कराया गया था। इसी प्रकरण के जांच की जिम्मेदारी एसीबी को दी गई थी और अधिकारी वर्षों से विभाग को पत्र लिखकर प्रकरण से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध कराने को बोल रहे थे ताकि जांच की जा सके लेकिन विभाग के अधिकारियों ने घोटाले से जुड़े फाइल को दबा दिया। बिना दस्तावेजों के घोटाले की जांच आगे नहीं बढ़ पा रही थी। यही वजह है कि घोटाले की जांच हेतु एसीबी की टीम बुधवार को एसीबी डीएसपी प्रमोद खेस के नेतृत्व में राजीव गांधी शिक्षा मिशन के कार्यालय पहुंची थी। एसीबी की टीम के कार्यालय पहुंचने के बाद हड़कंप मच गया। एसीबी की टीम ने कार्यालय में लगभग 15 साल पहले हुए घोटाले से संबंधित दस्तावेज खंगाले।



कार्यालय में दस्तावेजों को तलाशते टीम के सदस्य।

### नहीं मिले घोटाले से जुड़े दस्तावेज

बताया जा रहा है कि जांच के दौरान अधिकारियों को सिर्फ प्रकरण से जुड़े फोटो कॉपी ही मिले। बड़ी बात यह है कि प्रकरण से जुड़े दस्तावेज कार्यालय के लेखापाल के पास थे लेकिन लेखापाल छुट्टी पर थे। ऐसे में अधिकारियों को घोटाले से जुड़े दस्तावेज, नोटशीट, रजिस्टर नहीं मिल पाए। दिनभर चली जांच के बाद अधिकारी कुछ दस्तावेज, तत्कालीन कलेक्टर द्वारा कराई गई जांच से जुड़े दस्तावेज जब्त कर अधिकारी वापस लौट गए। इसके साथ ही विभाग के अधिकारी को नोटिस जारी कर जल्द से जल्द सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने को एसीबी की ओर से कहा गया है।

### क्या था मामला

बताया जा रहा है कि वर्ष 2010-11 में राजीव गांधी शिक्षा मिशन द्वारा फर्नीचर सप्लाई के लिए अलꣻꣻग 2 करोड़ 70 लाख रूपए का टेंडर जारी किया था। इस दौरान लगभग 10-11 फर्म ने स्कूलों में फर्नीचर की सप्लाई की लेकिन बड़ी बात यह थी कि इनमें से दो फर्म ने तो फर्नीचर की सप्लाई ही नहीं की और पूरा बिल भुगतान हो गया। इसके साथ ही शेष फर्मों ने भी आधे अधूरे सप्लाई किए। इस पूरे मामलें में बिना सप्लाई के ही मिली भगत कर कागजों में फर्नीचर की सप्लाई की गई और राशि का आहरण कर लिया गया। इस घोटाले के बाहर आने पर स्थानीय स्तर पर थाना में शिकायत की गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद इस घोटाले को लेकर ईओडब्ल्यू में 2011-12 में अपराध दर्ज किया गया था। इसके साथ ही इस पूरे घोटाले की तत्कालीन कलेक्टर ने वर्ष 2014 में जांच भी कराई थी जिसमें घोटाले की पुष्टि हुई थी।

### जारी किया है नोटिस

प्रकरण से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए लगातार पत्राचार किया जा रहा था लेकिन विभाग द्वारा दस्तावेज पेश नहीं किए गए। दस्तावेज नहीं होने से जांच आगे नहीं बढ़ रही थी। इस लिए टीम खुद दस्तावेज लेने पहुंची थी। कार्यालय का लेखापाल छुट्टी पर था। हमें वहां प्रकरण से जुड़े कुछ फोटो कॉपी व तत्कालीन कलेक्टर द्वारा कराई गई जांच की रिपोर्ट मिली। दस्तावेज को जब्त किया गया है इसके साथ ही नोटिस जारी कर दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा गया है। दस्तावेज मिलने पर आगे की जांच होगी।

-**प्रमोद खेस**, डीएसपी एसीबी सरगुजा



# कलेक्टर, एसएसपी ने किया बाल सम्प्रेक्षण गृह का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बाल सम्प्रेक्षण गृह से आए दिन अपचारी बालकों के भागने की घटना के बाद सम्प्रेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। बीती रात फिर स 11 अपचारी बालकों के भागने के बाद जिले में हड़कंप मचा हुआ है।

- सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

इस बीच बुधवार को कलेक्टर अजीत वसंत एवं एसएसपी राजेश अग्रवाल ने शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह (बालक) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्था की आधारभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा बच्चों के रहन-सहन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वसंत ने संस्था भवन की सभी खिड़कियों, निकास मार्गों (एग्जिट पॉइंट्स) तथा सुरक्षा व्यवस्था का परीक्षण किया। उन्होंने भवन की आवश्यक मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही किशोर न्याय बोर्ड के प्रवेश द्वार की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए वहां कंटीले तार लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने संस्था में निवासरत बच्चों से आत्मीय एवं सहज वातावरण में संवाद स्थापित किया तथा उनके दैनिक जीवन से जुड़ी आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, अध्ययन व्यवस्था तथा उनकी नियमित दिनचर्या के संबंध में चर्चा की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि बाल संप्रेक्षण गृह में निवासरत प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समग्र विकास सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। बच्चों को सुरक्षित, सकारात्मक एवं प्रेरणादायी वातावरण उपलब्ध कराना सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने संस्था के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा बच्चों की देखरेख में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की गतिविधियों की नियमित निगरानी की ⏭ शेष पेज 4 पर

### सम्प्रेक्षण गृह से भागे 2 अपचारी बालक पकड़ाए, शेष फरार

बाल सम्प्रेक्षण गृह से भागे 11 में से अब तक सिर्फ दो अपचारी बालकों को बरामद किया जा सका है। पुलिस द्वारा शेष अपचारी बालकों की तलाश कर रही है। बता दें कि 23 जून की देर शाम गरज चमक के साथ जमकर बारिश हुई। बारिश के दौरान विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई थी। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर बाल सम्प्रेक्षण गृह का खिड़की तोड़कर 11 अपचारी बालक फरार हो गए। इस दौरान दो सुरक्षा कर्मी बाहर तैनात थे लेकिन अपचारी बालक उन्हें चकमा देने में कामियाब रहे। सम्प्रेक्षण गृह के हाउस फादर मनीष कुशवाहा के अनुसार भागने वालों में हत्या, दुष्कर्म और चोरी के आरोपी शामिल है। आरोपी कोरिया, सूरजपुर और सरगुजा जिले के रहने वाले है। फरार हुए अपचारी बालकों में से एक को पुलिस ने महामाया मंदिर के पास से पकड़ लिया था जबकि दूसरा खुद ही वापस लौटकर बाल सम्प्रेक्षण गृह पहुंच गया। इसके साथ ही शेष 9 अपचारी बालकों की तलाश जारी है।

### खबर संक्षेप

#### छुट्टी पर घर आए सीआरपीएफ जवान ने लगाई फांसी



**अंबिकापुर।** छुट्टी पर घर लौटे सीआरपीएफ जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जवान को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुंदीकला निवासी 25 वर्षीय राजाराम प्रजापति जम्मी कश्मीर में सीआरपीएफ में पदस्थ था। जवान कुछ दिनों पहले ही अवकाश पर अपने घर आया था। इस दौरान उसका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान घर उसने घर के बाहर मौजूद आम पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। युवक को फांसी पर झूलता देख पर परिजन ने उसे किसी तरह नीचे उतारा और उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन के अनुसार राजाराम ने वर्ष 2025 में भी कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया था। उस समय इलाज के बाद वह स्वस्थ होकर दोबारा ड्यूटी पर लौट गया था। उस दौरान उसने एक वीडियो जारी कर पत्नी और ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था।

## रेत लोड टिपर लूटने के मामले में मुख्य आरोपी लड्डन खान समेत तीन गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** केंद्रीय उड़नदस्ता टीम के सैनिक से मारपीट कर जब्त रेत लोड टिपर लूटने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में घटना के मुख्य आरोपी व दो अपचारी बालकों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में कुल पांच आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों को जेल भेज दिया है इसके साथ ही प्रकरण की जांच चल रही है।

- अब तक 5 की हुई गिरफ्तारी, केंद्रीय उड़नदस्ता टीम के सैनिक से की गई थी मारपीट

बता दें कि रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए रायपुर से केंद्रीय उड़न दस्ता टीम सरगुजा पहुंची हुई थी। इस दौरान टीम ने सरगुजा में कुल चार टिपर रेत जब्त किया था। टीम में शामिल कर्मी जब रेत लोक टिपर को लेकर कलेक्टोरेट लौट रहे थे। इस दौरान जब्त किए गए एक टिपर को लेकर रायपुर खनिज विभाग में पदस्थ नगर सिनिक रायपुर खरोरा महोदी तिल्दा निवासी तारकेश्वर वर्मा लेकर आ रहा था। जैसे ही वे लोग गांधी चौक ट्रैफिक सिग्नल के समीप पहुंचे टिपर के मालिक लड्डन खान समेत दो अन्य लोग पहुंचे और टिपर में पहले से मौजूद चालक व क्लीनर के साथ मिलकर नगर सैनिक को वाहन से नीचे उतारा और उसके साथ मारपीट की।



आरोपियों ने नगर सैनिक को जान से मारने की धमकी देकर रेत लोड टिपर लूट लिया था। इस मामले की शिकायत मिलने के बाद हड़कंप मच गया था। शिकायत के बाद मामले में गांधीनगर पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 191(2), 221, 121(1),132, 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया था। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कार्रवाई के लिए गांधीनगर पुलिस व साइबर सेल की टीम का गठन किया था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल आरोपी चालक क्लीनर पिता पुत्र जयनगर पहाड़गांव निवासी 19 वर्षीय सोनू टोप्पो आ. धनसिंह टोप्पो व 35 वर्षीय धनसिंह टोप्पो आ. रामजी टोप्पो को गिरफ्तार कर लूटे गए वाहन को जब्त किया गया। वहीं इस घटना का मुख्य आरोपी समेत तीन अन्य फरार चल रहे थे। पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने भगवानपुर साईं मंदिर रोड निवासी 43 वर्षीय लड्डन खान आ. खलील खान व विधि से संघर्षरत दो बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक को लड्डन खान से जब्त किया है।

# दो गोदामों से 379 बोरी अवैध उर्वरक जब्त, संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने विकासखंड बतौली अंतर्गत दो अलग अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई के दौरान अवैध रुप से भंडारित 379 बोरी रासायनिक उवरक जब्त किया है। सूचना के आधार पर बुधवार को कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ग्राम पोकसरी पहुंची एवं गांव के राम नरेश यादव के गहर कमरे में भंडारित उर्वरक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घर के कमरे में वैध लाइसेंस के बिना 206 बोरी यूरिया, 92 बोरी एनपीके तथा 55 बोर डीएपी मिला। वैध दस्तावेज के आभाव में संयुक्त टीम ने अवैध रूप से भंडारित रुव्रक को जब्त करने की कार्रवाई की। जब्ती की कार्रवाई करने के उपरान्त संयुक्त टीम ग्राम मंगारी स्थित लक्ष्मी किराना स्टोर्स में दबिश दी. जांच में किराना दुकान में 21 बोरी यूरिया एवं 5 बोरी सिंगल सुपर फास्फेट अवैध रूप से भंडारित मिला। अवैध रूप से भंडारित उर्वरक को जब्त कर संबंधितों को सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई में अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्रीमती अनीता एक्का, सहायक संचालक कृषि अभिषेक झा, उर्वरक निरीक्षक पवन साय भगत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रविश गुप्ता, गब्बर सिंह नागवंशी, राजस्व निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, पटवारी अनुज सिन्हा शामिल थे।



### लहसुनपाठ में अवैध रूप से भंडारित 35 बोरी यूरिया जब्त

**शंकरगढ़।** किसानों के लिए निर्धारित उर्वरकों की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण पर रोक लगाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को मुखबिर से मिली सूचना के बाद ग्राम लहसुनपाठ में तहसील स्तरीय संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान टीम ने ग्राम लहसुनपाठ निवासी महेश राम नगेसिया के मकान का निरीक्षण किया, जहां चंबल फर्टिलाइजर्स कंपनी का नीम कोटेड यूरिया अवैध रूप से भंडारित पाया गया। मौके पर कुल 35 बोरी यूरिया बरामद हुआ, जिसे नियमानुसार जब्त कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ की गई। जांच के दौरान यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि गांव के ही मनोहर यादव के यहां भी यूरिया का भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर टीम उनके निवास पर जांच के लिए पहुंची, किंतु मनोहर यादव एवं उनकी पत्नी घर छोड़कर चले गए थे। टीम द्वारा नियमानुसार नोटिस चस्पा कर उन्हें कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच जारी है तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि किसानों के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले उर्वरकों का अवैध भंडारण, कालाबाजारी अथवा अनधिकृत बिक्री किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार गजराज सिंह, कृषि अधिकारी उमाकांत सिंह, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राहुल सिंह, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दीवान रामदेव सहित पुलिस विभाग के जवान उपस्थित रहे।



## मछली पकड़ने के दौरान बतरा बांध में डूबे तीसरे ग्रामीण का शव बरामद

**अंबिकापुर।** रात में मछली पकड़ने के दौरान बतरा बांध में डूबे तीसरे ग्रामीण का शव डीडीआरएफ की टीम ने बुधवार को सुबह दस बजे बरामद कर लिया। सोमवार को रात्रि 2 बजे ग्राम बतरा स्थित सिंचाई बांध में 9 ग्रामीण नाव लेकर मछली पकड़ने गए थे। इस दौरान जाल खींचने के दौरान दोनों नांव अनियंत्रित होकर पलट गई थी। दुर्घटना में 6 ग्रामीण तैरकर बाहर निकल गए थे जबकि तीन ग्रामीण बांध के गहरे पानी में डूब गए थे। सूचना पर करंजी पुलिस व डीडीआरएफ की टीम ने मंगलवार को पूरे दिन लापता ग्रामीणों को तलाशने के लिए अभियान चलाया। मंगवलार को टीम ने ग्राम राई निवासी समय लाल आ. कवल साय (46 वर्ष) एवं जगलाल आ. सुखन पैकरा (45 वर्ष) के शव को बरामद कर लिया था जबकि देर शाम तक तलाशी अभियान चलाने के बाद भी ग्राम उंचडीह निवासी कंवल साय सा. शिवपूजन (50 वर्ष) का कोई सुराग नहीं मिल सका था। बुधवार को सुबह डीडीआरएफ की टीम ने बांध में डूबे तीसरे ग्रामीण को तलाशने अभियान चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने सुबह 10 बजे कंवल साय का शव बरामद किया। पुलिस एवं डीडीआरएफ की टीम ने दो दिनों तक 15 घंटे से अधिक समय तक तलाशी अभियान चलाकर बांध में डूबे तीनों ग्रामीणों के शव को बरामद कर लिया है। फिलहाल शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

## रामगढ़ महोत्सव को लेकर पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने ली समीक्षा बैठक

# गौरवशाली इतिहास का उत्सव रामगढ़ महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा : मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आषाढ़ माह के प्रथम दिवस पर 29 एवं 30 जून को विकासखंड उदयपुर स्थित रामवनगमन पर्यटन स्थल रामगढ़ में दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव-2026 का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की पूर्व तैयारियों एवं सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि प्राकृतिक संपदा एवं ऐतिहासिक-धार्मिक मान्यताओं से समृद्ध रामगढ़ में इस वर्ष भी गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का उत्सव रामगढ़ महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन भव्य स्वरूप में किया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, विद्यालयीन प्रस्तुतियां, कवि सम्मेलन, शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से रामगढ़ महोत्सव को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विश्व की प्राचीनतम नाट्यशाला के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है और यह स्थल आस्था, संस्कृति, नाट्य परंपरा एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि रामगढ़ के ऐतिहासिक महत्व को केंद्र में रखते हुए बड़े उत्साह एवं व्यापक जनभागीदारी के साथ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करें, ताकि आगंतुकों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही रामगढ़ महोत्सव में शामिल होने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया गया। इस दौरान एसएसपी राजेश अग्रवाल, डीएफओ अभिषेक जोगावत, जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर रामसिंह ठाकुर, एसडीएम बनसिंह नेताम, रामराज सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समिति के सदस्य, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### बस्तामुक्त शासकीय विद्यालय का डीईओ ने किया निरीक्षण, विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**बिश्रामपुर।** प्रथम बस्तामुक्त शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में सूरजपुर डीईओ अजय कुमार मिश्रा, पूर्व सहायक संचालक रवि सिंहदेव, सूरजपुर बीईओ हरेंद्र सिंह तथा बीआरसी मनोज कुमार मंडल ने विद्यालय पहुंचकर विद्यालयीन गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी के नेतृत्व में पायल राजवाड़े, घरभरन राजवाड़े, कोमल सिंह, कैलाश राजवाड़े, कुश देवांगन, खुशी सिंह तथा वर्षा राजवाड़े द्वारा स्वागत किया गया। गौरतलब है कि सूरजपुर कलेक्टर रेना जमील द्वारा संस्थाओं का सघन जांच करने, शिक्षकों सहित बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत करने, शुरुआती दिनों से ही गुणवत्तापूर्ण गरम पर्याप्त मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने, सभी बच्चों को गणवेश तथा पुस्तक उपलब्ध कराने की बात समीक्षा बैठक में कही गई है,अधिकारियों ने संस्था की बस्ताविहीन शिक्षण पद्धति, दर्ज बच्चों की तुलना में उपस्थिति की जानकारी, संस्था की आंतरिक एवं बाह्य स्वच्छता, किचन गार्डन की तैयारी, पाठ्य पुस्तक स्कैनिंग व वितरण, गणवेश वितरण जांची। संस्था में शिक्षकों सहित बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, अध्यनरत बच्चों को पुस्तक स्कैनिंग कर वितरण करने सहित सभी बच्चों को गणवेश वितरण किए जाने पर खुशी जाहिर की। डीईओ ने बच्चों को प्रतिदिन विद्या अध्ययन हेतु विद्यालय आने, शिक्षकों द्वारा पढ़ाई गई विषय वस्तु को शाम के समय घर पर पढ़ने, शिक्षकों के बताए मार्ग पर ईमानदारी पूर्वक चलने एवं भविष्य में अच्छा इंसान बनने प्रेरित किया। इस दौरान संकुल समन्वयक विजेंद्रलाल जायसवाल, रिजवान अंसारी, पूनम गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मोहर्रम को लेकर जयनगर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**बिश्रामपुर।** मोहर्रम को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को जयनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देशन में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता नवपदस्थ थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र मिश्रा ने की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि मोहर्रम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव और एकता का प्रतीक भी है। उन्होंने सभी से पर्व को आपसी प्रेम, भाईचारे और शांति के साथ मनाने का आह्वान किया। टीआई नरेंद्र मिश्रा ने कहा कि त्योहारों के दौरान सामाजिक समरसता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और समाज के वरिष्ठ नागरिकों से सुझाव भी लिए गए। लोगों ने जुलूस मार्ग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव रखे, जिन पर पुलिस प्रशासन ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक सोहन सिंह, सहायक उपनिरीक्षक शशि तिवारी, जयनगर सरपंच पति राजेंद्र गवटिया, रूपनारायण राजवाड़े, बुलचु राजवाड़े, भारत राजवाड़े, शमीम पलिहा, कलाम, जावेद, शाहरुख, अंजर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अधिकारियों के समझाइश पर खत्म हुआ आंदोलन

# रोजगार की मांग लेकर भड़के भू-स्वामी चक्काजाम कर ठप किया कोयला परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

**खास बात**

- चार घंटे तक बाधित रहा कोयला परिवहन

महामाया खुली खदान परियोजना से प्रभावित भूस्वामियों और ग्रामीणों का लंबे समय से सुलग रहा आक्रोश मंगलवार को सड़क पर फूट पड़ा। भूमि के बदले रोजगार की मांग को लेकर प्रभावित परिवारों ने एसईसीएल भटगांव प्रबंधन के खिलाफ जरही-भटगांव मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया। आंदोलन के चलते करीब चार घंटे तक कोयला परिवहन पूरी तरह ठप रहा, जिससे खदान क्षेत्र की गतिविधियां भी प्रभावित हुईं।



चक्काजाम एवं विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे शामिल हुए। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि परियोजना प्रभावित परिवारों को रोजगार देने के मामले में प्रबंधन दोहरी नीति अपना रहा है। एक ही परियोजना के अंतर्गत कुछ परिवारों को एक नियम के आधार पर रोजगार प्रदान किया गया, जबकि अन्य पात्र परिवारों को अलग-अलग नियमों का हवाला देकर रोजगार से वंचित रखा जा रहा है। भूस्वामियों के अनुसार लगभग 28 पात्र परिवार वर्षों से रोजगार की आस लगाए बैठे हैं। उनका कहना है कि परियोजना की जनसुनवाई और ग्राम सभाओं के दौरान आश्वासन दिया गया था कि भूमि अधिग्रहण से प्रभावित पात्र परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा तथा क्लबिंग का लाभ भी नियमानुसार दिया जाएगा। इसी प्रावधान के तहत कई लोगों को नौकरी मिली, लेकिन शेष पात्र परिवारों के मामलों में प्रबंधन का रवैया अलग होने के कारण अब तक लोग रोजगार से वंचित हैं। चक्काजाम की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और एसईसीएल प्रबंधन के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे तथा आंदोलनकारियों से चर्चा की। कई दौर की वार्ता के बाद अधिकारियों ने लंबित रोजगार प्रकरणों की समीक्षा कर 14 दिनों के भीतर न्यायोचित समाधान निकालने और आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।प्रशासन और प्रबंधन के आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों ने धरना एवं चक्काजाम समाप्त किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि तय समय सीमा के भीतर रोजगार संबंधी लंबित मामलों का समाधान नहीं किया गया और सभी पात्र प्रभावित परिवारों के साथ समान व्यवहार नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि उनका संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि परियोजना प्रभावित पात्र परिवारों के अधिकारों और समान अवसरों की लड़ाई है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि रोजगार से जुड़े सभी लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण कर प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाया जाए, ताकि क्षेत्र में बढ़ते असंतोष को समाप्त किया जा सके।



## रेलवे मजदूर कांग्रेस की पीएनएम बैठक में वेतन संबंधी समस्याओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस की इस वर्ष की द्वितीय नॉन पेमेंट (पीएनएम) बैठक 23 जून को संपन्न हुई,बैठक वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. अंशुमन मिश्रा के निर्देश पर मंडल कार्मिक अधिकारी यू.एस राव की अध्यक्षता में संपन्न हुई,बैठक में सहायक कार्मिक अधिकारी भास्कर गुहा,सहायक मंडल वित्त प्रबंधक सुमित्रा पाल, कार्मिक विभाग से संबंधित बिल क्लर्क सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की व्यवस्था पीएनएम सेल के कार्यालय अधीक्षक रमना मूर्ति द्वारा की गई,रेलवे मजदूर कांग्रेस की तरफ से मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के नेतृत्व में जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री शुभम उपाध्याय, डीओबी शाखा सचिव राना नंदी तथा सहायक सचिव (रनिंग) इरफान खान ने हिस्सा लिया। संगठन के पदाधिकारियों ने पूर्व निर्धारित एजेंडे के अनुसार बिलासपुर मंडल के रेल कर्मचारियों की वेतन एवं भत्तों से संबंधित विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष उठाया। बैठक में ब्रजराजनगर के जितेंद्र कुमार एवं बैकुंठपुर के अरविंद कुमार के गेट अलाउंस जारी करने का आदेश दिया गया,बिश्रामपुर के हियाहरन सिंह के ओवर पेमेंट मामले पर चर्चा हुई, जबकि रायगढ़ के जुगताराम यादव को रिस्क अलाउंस प्रदान किए जाने पर सहमति बनी। इसके अलावा अनूपपुर के आयुष, रविकांत राय, रंजीत कुमार, अमित कुमार और राजेंद्र राठौर की समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। अकलतरा के ट्रैक मेंटेनरों को ओवरटाइम (ओटी) भुगतान तथा उमरिया के अतुल गुप्ता के अवकाश नगदीकरण प्रकरण पर भी चर्चा की गई।रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा करंजी के सचिव पप्पू सिंह ने बताया कि बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

# जेबीसीसीआई 12 के गठन में हो रहे विलम्ब से कोल श्रमिकों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कोल इंडिया प्रबंधन के खिलाफ संयुक्त मोर्चा खोलने की तैयारी, 1 जुलाई को श्रमिक करेंगे मांग दिवस का आयोजन

कोयला उद्योग में वेतन समझौते की दिशा तय करने वाली महत्वपूर्ण समिति जॉइंट बाइपार्टाइट कमेटी फॉर कोल इंडस्ट्री जेबीसीसीआई 12 के गठन में हो रही देरी अब देशभर के कोयला श्रमिकों के बीच बड़े असंतोष का कारण बनती जा रही है। कोयला क्षेत्रों में मजदूर संगठनों ने इसे श्रमिक हितों की अनदेखी बताते हुए केंद्र सरकार, कोल इंडिया प्रबंधन और संबंधित मंत्रालयों के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी शुरू कर दी है।

संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक के महासचिव अजय विश्वकर्मा ने जेबीसीसीआई 12 के गठन में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह लाखों कोयला श्रमिकों और उनके परिवारों के साथ अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि जेबीसीसीआई-11 की अवधि समाप्त हुए काफी समय गुजर चुका है, लेकिन नई वेतन वार्ता समिति का गठन नहीं किया गया है, जिससे श्रमिकों की वेतन पुनरीक्षण प्रक्रिया अधर में लटक गई है। अजय विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में महंगाई लगातार बढ़ रही है। खाद्य सामग्री, शिक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक जरूरतों की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में कोयला मजदूरों को समय पर वेतन समझौते का लाभ नहीं मिलना उनके आर्थिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने कहा कि कोयला उद्योग देश की ऊर्जा व्यवस्था की रीढ़ है और खदानों में प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच कार्य करने वाले श्रमिक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।कोयला श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जेबीसीसीआई 12 का गठन कर वेतन समझौते की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो देशभर के मजदूर संगठन चरणबद्ध एवं व्यापक आंदोलन चलाने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि श्रमिक लंबे समय से वेतन पुनरीक्षण की प्रतीक्षा कर रहे हैं और अब उनका धैर्य जवाब देने लगा है।कोयला श्रमिकों की मांगों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए 1 जुलाई को देश के सभी कोयला क्षेत्रों में मांग दिवस सह आंदोलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान विभिन्न कोलफील्ड क्षेत्रों में प्रदर्शन, सभाएं और ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार, कोल इंडिया प्रबंधन एवं संबंधित मंत्रालयों का ध्यान मजदूरों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया जाएगा। अजय विश्वकर्मा ने सभी कोयला कर्मचारियों, यूनियन पदाधिकारियों एवं श्रमिक हितैषियों से आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि यह केवल वेतन वृद्धि की लड़ाई नहीं है, बल्कि मजदूरों के सम्मान, सामाजिक न्याय, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा का संघर्ष है।विभिन्न कोयला क्षेत्रों में श्रमिक संगठनों की गतिविधियां तेज हो गई हैं और आगामी आंदोलन को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं।

## उड़िया महाराज से मिले हाऊसिंग बोर्ड अध्यक्ष अनुराग



**अम्बिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के 12 साल बेमिसाल पूर्ण होने पर विशेष जन सम्पर्क अभियान के अंतर्गत शहर के विद्वत पुरोहित 99 वर्षीय सत्यनारायण मिश्रा (उड़िया महाराज) के निवास पर हाऊसिंग बोर्ड अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव पहुंचे। उन्होंने उड़िया महाराज से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उनके अनुभव सुने। उड़िया महाराज श्री मिश्रा ने अंग्रेजों के शासन की व्यवस्था, गुलामी के उस दौर से लेकर स्वतंत्र भारत के अनेकों सरकार के कालखण्ड के अनुभव के आधार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की तुलनात्मक सांस्कृतिक विकसित भारत अभियान की खूब प्रशंसा की।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए एमएस सिंहदेव, दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा महाराज एवं अविभाजित मध्यप्रदेश के योजना आयोग के उपाध्यक्ष स्व. मदनेश्वर शरण सिंहदेव की 25 वी पुण्यतिथि पर बुधवार को राजीव भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



राजीव भवन में श्रद्धांजलि उपरांत बस स्टैंड स्थित स्व. महाराज साहब एवं राजमाता स्व. देवेंद्र कुमारी सिंहदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण उपरांत मां महामाया मंदिर में भंडारा आयोजित कर प्रसाद वितरण किया गया। एक राजपरिवार के प्रमुख उत्तराधिकारी होने के बावजूद भी उन्होंने अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के माध्यम से जनसेवा के कार्य को चुना। 1954 में आईएएस अधिकारी के रूप में चयनित होने के उपरांत कलेक्टर के पद से कार्य करते हुए वे राज्य प्रशासन के सर्वोच्च पद मुख्य सचिव तक पहुंचे। इन पदों पर अपने कार्य के दौरान भू खातों के लिए ऋण पुस्तक, भूमिहीन परिवारों के भू आबंटन सहित कई योजनाओं को लागू किया। मध्यप्रदेश को सोयाबीन उत्पादन में सिरमौर बनाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। तिलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्होंने मध्यप्रदेश में सोयाबीन उत्पादन को बढ़ावा देने की योजना पर काम किया था। उनकी पुण्यतिथि पर उनके लोकसेवा और समाज के लिये उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान जेपी श्रीवास्तव, द्वितेंद्र मिश्रा, संजय विश्वकर्मा, मो. इस्लाम, इंद्रजीत सिंह धंजल, दुर्गेश गुप्ता, पपिन्दर सिंह, संजय सिंह, अनूप मेहता, जमील खान, लोकेश कुमार, जीवन यादव, नरेंद्र विश्वकर्मा, सोहन जायसवाल, सतीश बारी, निखिल विश्वकर्मा, रोशन कन्नौजिया, लखन मरावी आदि मौजूद थे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आलम साय आ. स्व. बुढ़िया, व अन्य 03. निवासी ग्राम घंघरी, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि कुल खसरा 48, कुल रकबा 17.545 हे. ग्राम घंघरी में स्थित है। उक्त भूमि में से खसरा नंबर 928 का रकबा 1.688 हे. था, परंतु वर्तमान राजस्व अभिलेखों में खसरा नंबर 928 का रकबा त्रुटिवश 0.688 हे. दर्ज हो गया है। आवेदकगण द्वारा खसरा नंबर 928 के त्रुटिपूर्ण रकबा 0.688 हे. को सुधार कर 1.688 हे. दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 20/07/2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 04/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-02**

TOP IN SURGUJA

MRM हॉस्पिटल में भी उपलब्ध रहेंगें। यशोदा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(हृदय रोग विशेषज्ञ) डॉ.अभिषेक कौशले
एम.बी.बी.एस. (सिम्स), एम.डी. (मेडिसिन)
एम.जी.एम.एम.सी. इंदौर, डी.एन.बी. (मेडिसिन)
एन.बी.ई.न्यू दिल्ली एंड डी.एम. (हृदय रोग)
हृदय संबंधित रोग के लक्षण
• सीने में दर्द एवं जकड़न • सांस लेने में तकलीफ • चलने में थकान लगना
• चक्कर व बेहोशी • पैरों में सूजन • बच्चों में जन्मजात हृदय रोग
एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर, सीआरटी
दिनांक - 14 जुलाई 2026, मंगलवार
समय - सुबह 11 से 2.30 बजे तक
Apollo HOSPITALS TOUCHING LIVES BILASPUR
खरसिया नाका, भारत माता चौक, रिंग रोड श्री लक्ष्मी हॉटल के पास अम्बिकापुर
7777879370

Apollo Cancer Centres "कैंसर पर जीत संभव है"
और अब यह इलाज Navjeevan Cancer Hospital, Ambikapur में भी उपलब्ध होगा Apollo ke विशेषज्ञ onco-surgeon के साथ।
प्रत्येक माह के चौथे शुक्रवार को
दिनांक 26 जुलाई 2026 दिन रविवार समय - सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक
कैंसर के लक्षण
• मोल्स या मस्सा में स्पष्ट परिवर्तन • महिलाओं की बच्चेदानी में सूजन या गांठ • निरंतर पीड़ा देने वाली खांसी
• मल एवं पेशाब में दर्द व रक्त • त्वचा का काला या पीला पड़ना • गले में लगातार दर्द का होना
• मुंह में लगातार छाले होना • लगातार उल्टी, दस्त व अपचन • निरंतर पीड़ा देने वाली खांसी
डॉ.अमोल पड़ेगांवकर एम.एस.डी.एन.बी. (सर्जिकल ऑकोलॉजी) सलाहकार व चिकित्सक अपोलो कैंसर सेंटर बिलासपुर
नवजीवन कैंसर हॉस्पिटल 98938 95889, 9479131664, 7777879370

COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध | छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
Tally Education Private Limited
IGNOU Study Centre Code: 36146
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की संपूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव एवं सिजेरियन डिलीवरी; सोनोग्राफी की सुविधा; महिलाओं में संबंधित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन; बांझपन (Infertility) एवं PCOD उपचार; हाई रिस्क प्रेग्नेंसी प्रबंधन; हार्मोन एवं अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं; 24×7 दवाई इलाज की सुविधा
सर्जरी सेवाएं: बवासीर (Piles); फिस्टुला (Fistula); फिशर (Fissure); हाइड्रोसील (Hydrocele); अपेंडिक्स (Appendix); स्तन की गांठ; पित्त की थैली की पथरी; बच्चेदानी की गांठ एवं सिस्ट; चोट एवं फोड़े-फुंसी; अन्य सभी प्रकार की गांठों का इलाज एवं ऑपरेशन
बड़ी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध हैं
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा मार्केट

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING ·DEEMED COLLEGE ·COUNSELLING ·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES ·FORM FILLUP ASSISTANCE ·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur | CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 28 जून 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण; टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग; नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श; बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे - 2:00 बजे शाम 5:00 बजे - 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्जवल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

29 YEAR'S Legacy in Education

**प्रवेश प्रारंभ : 2026-27** | **SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS** | **ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

**लॉ ( कानून )-** लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनीयों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

Afft. to Ayush University, Raipur
- BAMS Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
- B.Sc. (Nursing)

Afft. to IGKV, Raipur
- B.Tech Agri.
- B.Sc. Agri.

## प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता



भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं लगभग सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये कई नये-नये विषयों मे शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IES, IFS, IRS, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

### Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

### Engineering
**M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic**
- CSE
- Civil
- ET&T
- Mechanical
- Electrical

(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Public Health
- MPH (Master of Public Health)

### Rural Studies
- Bachelor (BRS)
- Master (MRS)

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

### Social Work
- Diploma (DSW)
- Bachelor (BSW)
- Master (MSW)

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma

### Science
**B.Sc (Hons)/M.Sc**
- Forensic Science
- Chemistry
- Maths
- Computer Sceince
- Physics
- Zoology
- Animation & Visual Effects
- Botony
- Microbiology
- Biotechnology
- Home Science
- IT

### Arts/ Commerce & Management
- BBA
- MBA
- Hospital Mgt.
- Financial Mgt
- Marketing Mgt.
- Human Resource Mgt.

**B.A.(Hons)/ M.A**
- Psychology
- English
- Sociology
- Yoga
- Hindi
- Sanskrit
- Economics
- History
- Geography
- Political Science

- B.Com.(Hons)
- M.Com
- B.Stat
- M.Stat
- DCA
- BCA
- PGDCA

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph.D. Available in all Major Subjects**

**फॉरेंसिक साइंस-** भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस( ऑनर्स) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राईम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जॉच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान ...**

## ''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

## PLACEMENT SELCTION 2026



**TOP RECRUITERS**: WIPRO LTD. · ASHOK L bY LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS Ltd. · TATA CONSULTANCY SERVICES · L & T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. · CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. · ULTRATECH CEMENT · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED





6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07
www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com



**SUN PUBLIC SCHOOL**
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
ADMISSIONS OPEN
Day Boarding School
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607


**सन प्राइवेट आई.टी.आई.**
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएँ: • उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम • अनुभवी शिक्षक • आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग • छात्रवृत्ति की सुविधा • हॉस्टल की सुविधा
प्रवेश प्रारंभ
• इलेक्ट्रीशियन • फिटर } 2 वर्ष
• कोपा • स्टेनो (हिन्दी) } 1 वर्ष
9589158888, 9109186606


जाने-माने अधिवक्ता
श्री संजय अम्बष्ट जी को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं...
शिवलाल जायसवाल
अम्बिकापुर


सरगुजा संभाग के जाने-माने अधिवक्ता
हमारे आदरणीय बड़े भईया
श्री संजय अम्बष्ट जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Birthday
सुनील सिंह (दद्दा)
A/5 कॉन्ट्रेक्टर, बाबूपारा अम्बिकापुर,सरगुजा


सरगुजा संभाग के जाने-माने अधिवक्ता
हमारे आदरणीय बड़े भईया
श्री संजय अम्बष्ट जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
कृष्ण कुमार शर्मा
(बल्लू)
नीलम पैथोलॉजी, अम्बिकापुर


सरगुजा संभाग के जाने-माने अधिवक्ता
हमारे आदरणीय बड़े भईया
श्री संजय अम्बष्ट जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
Hero
सरगुजा हीरो
खरसिया रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)


सरगुजा संभाग के जाने-माने अधिवक्ता
श्री संजय अम्बष्ट जी को जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ.आई.ए. खान सूरी



सरगुजा संभाग के जाने-माने अधिवक्ता
हमारे आदरणीय बड़े भईया
श्री संजय अम्बष्ट जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
विशाल साहू (अधिवक्ता)
दर्रीपारा, अंबिकापुर



सरगुजा संभाग के जाने-माने अधिवक्ता
श्री संजय
अम्बष्ट जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
अजय अग्रवाल
SUSHAMA AUTOMOBILES, AMBIKAPUR
Electric Scooty Showroom


श्री संजय अम्बष्ट जी को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
मो. बाबर ईदरिसी
पार्षद
नगर पालिक निगम अम्बिकापुर


श्री संजय अम्बष्ट जी को
जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
HOTEL
PURPLE ORCHID
मुकेश अग्रवाल
होटल पर्पल ऑर्चिड, अम्बिकापुर


आदरणीय बड़े भईया
श्री संजय अम्बष्ट जी को
जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Birthday
जितेंद्र अग्रवाल (सीटू)
अमित अग्रवाल
हरिओम ट्रेडिंग कंपनी, अम्बिकापुर


जीवेत् | शरदः | शतम्
सरगुजा संभाग के जाने-माने अधिवक्ता
हमारे आदरणीय बड़े भईया
श्री संजय अम्बष्ठ जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
25 जून
Happy Birthday
ईमानदारी हमारा मूल सिद्धांत है, कर्म हमारी पहचान है, और समाजसेवा हमारी जिम्मेदारी है।
प्रिंस गुप्ता
राजेश गुप्ता
मायापुर, अम्बिकापुर


जीवेत् शरदः शतम्
सरगुजा संभाग
के जाने माने अधिवक्ता
श्री संजय अम्बष्ट जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
द्वितेन्द्र मिश्रा
प्रदेश महासचिव
प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ.ग.
अमित जायसवाल
अम्बिकापुर


जीवेत् शरदः शतम्
सरगुजा संभाग के जाने-माने अधिवक्ता
हमारे आदरणीय बड़े भईया
श्री संजय अम्बष्ठ जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
TALENT SEARCH PROGRAM
DIRECTOR BHARAT GROUP
ARIF FIRDOUSI
ANAND COMPLEX RING ROAD
AMBIKAPUR (C.G.)
BHART group
QUALITY IS TRUST

# नौगई हत्याकांड : पीड़ित परिवारों से मिले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश, जताई संवेदना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के सोनहत ब्लॉक के ग्राम नौगई में हुए बहुचर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में 24 जून को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोरिया पहुंचे। यहां उन्होंने महलपारा स्थित आवास पर पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त किए। उन्होंने पीड़ित परिजन द्वारा की जा रही सीबीआई जांच की मांग को आगे बढ़ाया है। पीड़ित परिवार की ओर से लगातार राजेन्द्र सिंह मामले की निष्पक्ष और सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व सीएम श्री बघेल के साथ पूर्व विधायक द्वय श्रीमती अंबिका सिंहदेव, गुलाब कमरो समेत काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

■ बोले- घटना की सीबीआई जांच होनी चाहिए

उल्लेखनीय है कि सोनहत के नौगई बहुचर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में अब तक कुल 12 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। विदित हो कि 16 जून की रात सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम नौगई में रेत उत्खनन और कारोबार को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। इस घटना में भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी। वहीं आरोपियों ने फॉर्च्यूनर वाहन में आग लगा दी थी, जिससे वाहन सवार लोग बुरी तरह झुलस गए थे। घटना के बाद पुलिस ने अक्षत त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी और मन्नू त्रिपाठी को गिरफ्तार किया गया था। वहीं फरार चल रहे मुख्य आरोपी मनोज त्रिपाठी सहित निशांत त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी और आशुतोष त्रिपाठी ने मनेन्द्रगढ़ थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया था। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद 23 जून को अनिल तिवारी, मनीष त्रिपाठी और जितेंद्र त्रिपाठी को भी गिरफ्तार कर लिया गया।




पीड़ित परिवार से मुलाकात करते सीएम।


फॉर्च्यूनर वाहन में पेट्रोल डालकर लगाई थी आग
नौगई जघन्य हत्याकांड में तीन और आरोपी गिरफ्तार, अब तक 12 पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

## ये मांगे कर रहे पीड़ित परिवार के परिजन

कोरिया जिले के नौगई तिहरे हत्याकांड मामले में पीड़ित परिवार के परिजन ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल एवं प्रशासन से सीबीआई जांच समेत अन्य मांगें रखी हैं। परिजन ने प्रकरण की जांच वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से कराने की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि घटना में प्रयुक्त वाहनों, हथियारों, ज्वलनशील पदार्थों एवं अन्य साधनों की वैज्ञानिक जांच कर सभी साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने अभियोजन को मजबूत करते हुए मामले का त्वरित निराकरण फास्ट ट्रैक न्यायालय के माध्यम से कराने की पहल की मांग की है। इसके अलावा अपराध से जुड़ी अवैध गतिविधियों, अवैध संपत्तियों और कारोबार की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई, पीड़ित परिवारों को शासन की नीति के अनुसार आर्थिक सहायता, सुरक्षा और न्यायिक सहयोग उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई है। परिजनों ने कहा कि दोषी पाए जाने वाले आरोपियों को न्यायालय से कठोरतम दंड दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी की जाए, ताकि समाज में कानून के शासन का स्पष्ट संदेश जाए और कोई भी व्यक्ति कानून हाथ में लेने का साहस नहीं करे। परिजन ने घटना में शामिल आरोपी के घरों पर बुलडोजर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों को हटाने की भी मांग की है।

## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में शिकायतों पर निराकरण के दिए निर्देश

**मनेन्द्रगढ।** कलेक्टर संतन देवी जांगड़े के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनदर्शन के दौरान आमजन ने भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, जल समस्या, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, नियुक्ति, निर्माण कार्यों, भुगतान, बीमा एवं प्रशासनिक शिकायतों सहित विभिन्न विषयों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### बाढ़ एवं अतिवृष्टि से निपटने में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**अनूपपुर।** आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए जिले में बाढ़ एवं अतिवृष्टि की संभावित स्थिति से निपटने तथा मैदानी स्तर के अमले से बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम सक्रिय करने के आदेश जारी किए गए हैं,यह नियंत्रण कक्ष कार्यालय कलेक्ट के कक्ष क्र. 56 जिला आपदा नियंत्रण कक्ष में स्थापित किया गया है,जहाँ आगामी समय में 24 घंटे दूरभाष एवं ई-मेल के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी, कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिला आपदा नियंत्रण कक्ष में सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों की तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगाई गई है।

### संभावित एल नीनो प्रभावों को लेकर प्रशासन सतर्क

**मनेन्द्रगढ़।** संभावित एल नीनो परिस्थितियों को देखते हुए जिला प्रशासन ने आवश्यक तैयारियों की समीक्षा शुरू कर दी है। इसी क्रम में कलेक्टर संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में 24 जून को जिला स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न विभागों की तैयारियों एवं कार्ययोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि एल नीनो एक प्राकृतिक जलवायु घटना है, जिसमें मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर का तापमान सामान्य से काफी अधिक हो जाता है। इसके कारण विश्वभर में मौसम, हवाओं और वर्षा के चक्र प्रभावित होते हैं। भारत में एल नीनो की स्थिति कई बार मानसून की गतिविधियों को प्रभावित कर सकती है।जिससे वर्षा की मात्रा एवं वितरण में असामान्य परिवर्तन देखने को मिलते हैं। इसका प्रभाव कृषि उत्पादन, जल संसाधनों, पशुधन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। इन्हीं संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आयोजित होने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंस में जिले में संभावित प्रभावों एवं जोखिमों का आकलन किया जाएगा।

### 3.28 करोड़ के निर्माण कार्य को मिली स्वीकृति

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में बिशुनपुर से



बनखेत्तापारा तक 2.80 किलोमीटर लंबी पहुंच मार्ग (एप्रोच रोड) के निर्माण कार्य को स्वीकृति मिल गई है। लगभग 3.28 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस सड़क के लिए निविदा (टेंडर) प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिए जनपद पंचायत बैकुंठपुर की सदस्य श्रीमती धर्मवती राजवाड़े ने लगातार प्रयास और संघर्ष किया। उनके निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि वर्षों से सड़क सुविधा की मांग कर रहे ग्रामीणों को अब बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने जा रही है। सड़क निर्माण होने से बिशुनपुर एवं बनखेत्तापारा सहित आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच भी आसान होगी। कार्य की स्वीकृति एवं टेंडर प्रक्रिया पूरी होने पर क्षेत्र के ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुए जनपद सदस्य धर्मावती राजवाड़े का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और लंबे समय से चली आ रही उनकी मांग पूरी होगी।

## महिला आयोग की सुनवाई, 11 प्रकरण में कार्रवाई, 5 निराकृत

# खदान दुर्घटना में मृत कर्मचारी की पत्नी को मुआवजा व रोजगार दिलाने की होगी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

महिलाओं को त्वरित न्याय और राहत प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में महिला आयोग की सुनवाई आयोजित की गई। प्रदेश स्तर पर यह 403वीं तथा जिला स्तर पर दूसरी सुनवाई थी। सरगुजा संभाग अंतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के कुल 11 प्रकरणों की सुनवाई की गई, इनमें 5 मामलों का निराकरण कर उन्हें नस्तीबद्ध किया गया।

सुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा से जुड़े एक मामले में दोनों पक्ष उपस्थित हुए। आवेदिका ने बताया कि उसका विवाह वर्ष 2009 में हुआ था तथा उससे दो संतान हैं। अनावेदक की पहली पत्नी से कोई संतान नहीं होने के कारण उसने दूसरा विवाह किया था। बाद में दोनों के बीच घरेलू विवाद बढ़ने पर आवेदिका अपने आठ वर्षीय पुत्र के साथ अलग रह रही है, जबकि बड़ी बेटी भी उसके साथ रहती है। आवेदिका ने अनावेदक के विरुद्ध घरेलू हिंसा का मामला दायर करने की तैयारी की जानकारी दी। आयोग ने दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रयास किया, लेकिन आवेदिका ने साथ रहने से इंकार कर दिया। आयोग ने प्रोटेक्शन ऑफिसर के माध्यम से विधिक कार्रवाई और सुलह प्रयास जारी रखने की सलाह देते हुए प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया। सुनवाई का सबसे महत्वपूर्ण मामला खदान दुर्घटना में मृत कर्मी की पत्नी से जुड़ा रहा। आवेदिका के पति स्वर्गीय नर्मदा सिंह बेस्ट कॉलरी चिरमिरी में कार्यरत थे, जिनकी खदान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। आवेदिका ने बताया कि उसे अब तक दुर्घटना मुआवजा नहीं मिला है तथा अनुकंपा नियुक्ति के स्थान पर ठेका श्रमिक के रूप में कार्य दिया गया था। नवंबर 2025 में उसे कार्य से हटा दिया गया, जिससे दो बच्चों के भरण-पोषण का संकट उत्पन्न हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने प्रोटेक्शन ऑफिसर को निर्देशित किया कि आवेदिका को पुनः कार्य उपलब्ध कराने, मासिक वेतन संबंधी जानकारी प्रस्तुत करने तथा मृतक कर्मी के मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी एकत्र कर आयोग को उपलब्ध कराएं। यदि एसईसीएल द्वारा मुआवजा नहीं दिया गया है तो आयोग इस संबंध में आवश्यक अनुसंशा करेगा। एक अन्य मामले में आवेदिका द्वारा स्वयं आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि दोनों पक्षों के बीच राजीनामा हो चुका है तथा न्यायालय में मामला विचाराधीन है। आवेदिका के अनुरोध पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। संपत्ति विवाद से जुड़े एक मामले में आवेदिका उपस्थित रही जबकि अनावेदक अनुपस्थित रहे। आयोग ने बताया कि संपत्ति संबंधी विवाद का निपटारा राजस्व अथवा दिवानी न्यायालय के माध्यम से किया जा सकता है। आवश्यक सलाह के साथ मामला नस्तीबद्ध कर दिया गया। भरण-पोषण से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में आवेदिका उपस्थित रही जबकि सभी अनावेदक अनुपस्थित रहे। आवेदिका ने बताया कि वह अपनी 10 वर्षीय बेटी के साथ रह रही है तथा बच्ची की पढ़ाई और पालन-पोषण का पूरा भार उसी पर है। अनावेदक लगभग 30 हजार रुपए मासिक आय अर्जित करने के बावजूद कोई आर्थिक सहायता नहीं दे रहा है। आवेदिका ने 15 हजार रुपए प्रतिमाह भरण-पोषण की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने अगली सुनवाई 8 जुलाई को बिलासपुर में निर्धारित की है। साथ ही पुलिस अधीक्षक बिलासपुर को पत्र भेजकर सिटी कोतवाली थाना के माध्यम से सभी अनावेदकों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए जाएंगे। आयोग ने स्पष्ट किया कि अनुपस्थिति की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा सकती है। एक अन्य मामले में दोनों पक्ष अनुपस्थित रहे। सुनवाई सूचना के दौरान आवेदिका ने समझौता हो जाने की जानकारी दी, जिसके बाद मामला नस्तीबद्ध कर दिया गया। वहीं एक अन्य प्रकरण में आवेदिका अनुपस्थित रही जबकि सभी अनावेदक उपस्थित हुए। अनावेदक ने आयोग के समक्ष न्यायालय का नोटिस प्रस्तुत कर बताया कि आवेदिका द्वारा घरेलू हिंसा का मामला न्यायालय में दायर किया जा चुका है और प्रकरण विचाराधीन है। न्यायालय में मामला लंबित होने के कारण आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया। महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने तथा पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं के समाधान के लिए आयोग लगातार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। सुनवाई के माध्यम से महिलाओं को त्वरित राहत और न्याय उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।




सुनवाई करतीं महिला आयोग की अध्यक्ष।




बंद वॉटर एटीएम।

# डीएमएफ मद से बनी वॉटर एटीएम की हालत खराब

**कोरिया कालरी।** नगर पालिक निगम क्षेत्र के कोरिया कालरी में जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से निर्मित वॉटर एटीएम एक बार फिर बदहाली का शिकार हो गया है। वर्षों से बंद पड़े वॉटर एटीएम को पुनः चालू करने के लिए नगर पालिक निगम द्वारा 10 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत कर बाकायदा निविदा जारी की गई थी। उद्देश्य था कि आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार, जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से केवल खानापूर्ति करते हुए वॉटर एटीएम पर रंग-रोगन कर लाखों रुपए की राशि खर्च दिखा दी गई। मशीनों की वास्तविक मरम्मत और तकनीकी खामियों को दूर करने पर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके चलते वॉटर एटीएम कुछ समय भी संचालित नहीं हो सका और आज फिर पूरी तरह बंद पड़ा है। वॉटर एटीएम के संचालन से जुड़े कर्मचारी ने बताया कि मशीनों की आवश्यक मरम्मत किए बिना केवल बाहरी रंग-रोगन कर देने से व्यवस्था कैसे सुचारू हो सकती है। उन्होंने कहा कि कई बार मशीनों की खराबी और बंद होने की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई, लेकिन आज तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचा। लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद वॉटर एटीएम बंद रहने से डीएमएफ राशि के उपयोग पर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई तथा वॉटर एटीएम को तत्काल चालू कराने की मांग की है।

# पल्स पोलियो अभियान 28 से

## एमसीबी में 51,013 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

मनेन्द्रगढ़। जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर संतान देवी जांगड़े की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।
बैठक में आगामी 28, 29 एवं 30 जून 2026 को संचालित होने वाले त्रि-दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों, माइक्रोप्लानिंग, जनजागरूकता तथा विभिन्न विभागों के समन्वय की विस्तृत समीक्षा की गई।
बैठक में बताया गया कि जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 51,013 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के प्रथम दिवस 28 जून को सभी निर्धारित पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी, जबकि 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर उन्हें दवा पिलाएंगी।
बैठक में नगरपालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम, अस्पताल अधीक्षक डॉ. स्वप्निल तिवारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विनीत विश्वकर्मा, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. वासिक असदक, जिला सर्विलांस अधिकारी (आईडीएसपी) डॉ. सुधांशु पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों से संवाद कर दिए सफलता के मंत्र

## कलेक्टर ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घुघरा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. सोनहत

कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव ने बुधवार को विकासखंड सोनहत अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घुघरा का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं और गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई, सामान्य ज्ञान और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से अंग्रेजी पाठ का वाचन कराया। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अंग्रेजी पाठ पढ़कर सुनाया, जिस पर कलेक्टर ने उनकी सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके जीवन के लक्ष्य के संबंध में भी चर्चा की और उन्हें ऊंचे लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए नियमित अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जूनियर कक्षाओं से ही सामान्य ज्ञान की पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं और मैगजीन पढ़ने की आदत विकसित करने की सलाह दी, जिससे उनका बौद्धिक विकास हो सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और पठन-पाठन व्यवस्था से संतुष्ट नजर आईं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग उषा लकड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, इंजीनियर आभाष शुक्ला, विद्यालय के प्राचार्य वी. के. सिंह सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# अवैध शराब, वाहन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार




**अनूपपुर।** कोतवाली पुलिस द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। एक सफेद कलर की बुलेरो वाहन में अवैध शराब बिक्री करने हेतु लेकर आरोपी लवकुश तिवारी 46 वर्ष चचाई व राम प्रसाद रजक 34 वर्ष अतरेला जिला रीवा के कब्जे से बिना रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट की वाहन बुलेरो रछ एम.पी. 18 सी 3165 में रखी अवैध शराब गोवा व्हीस्की 25 पाव तीन पेटी पावर 10000 सुपर स्ट्रांग बियर,एक पेटी माऊंट 6000 कुल शराब 30.3 लीटर जप्त कर आरोपीगणो के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट का कायम कर कार्रवाई की गईं। कोतवाली पुलिस द्वारा जप्त बोलेरो वाहन के स्वामी एवं अवैध शराब की तस्करी में लिप्त अन्य आरोपियों की संबंध में विवेचना की जा रही है।

## मनेन्द्रगढ़ में एनएमसी की टीम ने किया औचक निरीक्षण

# मेडिकल कॉलेज शुरू करने की कवायद तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले में नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को इसी सत्र से शुरू करने के लिए प्रशासनिक तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। कॉलेज को मान्यता दिलाने और आगामी सत्र से प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने के उद्देश्य से नेशनल मेडिकल कमीशन की तीन सदस्यीय इंस्पेक्टरों की टीम मनेन्द्रगढ़ पहुंची है।

एनएमसी की यह रूटीन इंस्पेक्शन टीम कॉलेज के इंफ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी (प्राध्यापक व स्टाफ), अस्पताल की व्यवस्थाओं और अन्य बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन कर रही है। कॉलेज प्रबंधन की ओर से टीम को सभी जरूरी दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए हैं, साथ ही एनएमसी के तय फॉर्मेट के अनुसार डेटा अपलोडिंग का काम किया जाएगा।

प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक, टीम अपनी जांच रिपोर्ट नेशनल मेडिकल कमीशन को सौंपेगी। वहां से हरी झंडी और अनुमति पत्र मिलते ही कॉलेज में छात्र-छात्राओं के प्रवेश की प्रक्रिया सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएगी। प्रशासन और कॉलेज प्रबंधन को पूरी उम्मीद है कि इस बार मनेन्द्रगढ़ को नए मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल जाएगी।




निरीक्षण करती टीम।

### नर्सिंग कॉलेज भवन के लिए 868.35 लाख की मिली स्वीकृति



छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग ने शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के भवन निर्माण के लिए 868.35 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस राशि में मनेंद्रगढ़ में नर्सिंग की बुनियादी पाठ्यक्रम से लेकर लोक स्वास्थ्य एकीकरण के तहत भवन मद शामिल है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि नर्सिंग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस महाविद्यालय के भवन निर्माण से मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले के स्थानीय युवाओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा घर के पास ही मिल सकेगी। इससे न केवल अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। हमारी सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक चिकित्सा शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित की जाए। यह स्वीकृति क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# फरार आरोपी सावन गिरफ्तार

चरचा कॉलरी। जिले के थाना क्षेत्र में वर्ष 2026 के बहुचर्चित अपराध क्रमांक 72/26 के फरार आरोपी सावन सारथी की गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।
पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मामले में सावन सारथी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही थी। आरोप है कि उसके द्वारा किए गए हमले और घटना में सक्रिय सहभागिता के कारण विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था, जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।
थाना चरचा के बहुचर्चित अपराध क्रमांक 72/26 में फरार आरोपी सावन सारथी पिता अंचल सारथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गंभीर अपराध में वांछित आरोपी की गिरफ्तारी को चरचा पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 396, 115(2), 151, 118(1) सहित आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 के तहत मामला दर्ज था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार इस मामले में सावन सारथी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही थी।



■ पांच लोगों को गंभीर रूप से किया था घायल

आरोप है कि घटना के दौरान उसने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर हिंसक वारदात को अंजाम देने में सक्रिय भूमिका निभाई थी, जिसके चलते पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। घटना के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने उसकी गतिविधियों पर निगरानी रखी और आखिरकार उसे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी लंबे समय से कानून की गिरफ्त से बचता फिर रहा था, लेकिन विशेष अभियान के तहत लगातार की जा रही कार्रवाई के चलते वह पुलिस के शिकंजे में आ गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### आवासीय विद्यालय शिवपुर में गणित की 12 रिक्त सीटों आवेदन 7 जुलाई तक

**अम्बिकापुर**। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवपुर में कक्षा 11वीं की छात्राओं के लिए विज्ञान संकाय (गणित समूह) की 12 रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश की इच्छुक छात्राएं आवेदन पत्र विद्यालय से प्राप्त कर सकती हैं अथवा विद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकती हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र 25 जून से 7 जुलाई तक सीधे विद्यालय में जमा किए जा सकेंगे। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट सूची का प्रकाशन 10 जुलाई को विद्यालय की वेबसाइट तथा विद्यालय के सूचना पटल पर किया जाएगा। चयनित छात्राओं का प्रवेश कक्षा 10वीं में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर 11 जुलाई से प्रारंभ होगा। प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है।

### रात में 8 घंटे तक गुल रही बिजली गर्मी में परेशान रहे लोग

**रामानुजगंज**। नगर की विद्युत व्यवस्था बदहाल होती नजर आ रही है। मामूली फॉल्ट जिसे कुछ ही मिनटों में सुधारा जा सकता है, उसे ठीक करने में घंटों का समय लग रहा है। भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीती रात नगर के मध्य बाजार क्षेत्र में करीब 1.30 बजे एक फेस की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बताया जा रहा है कि फॉल्ट के कारण क्षेत्र के कई घरों में बिजली बंद हो गई, जिसे सुबह लगभग 8 बजे सुधारा जा सका। करीब आठ घंटे तक बिजली गुल रहने से लोगों को रतजगा करना पड़ा। बिजली के आभाव में कई घरों में सुबह पानी भी नहीं भरा जासका, जिससे लोगों को पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ा। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों वाले परिवारों को सबसे अधिक दिक्कत हुई। गर्मी और उमस के कारण लोग पूरी रात जागने को मजबूर रहे। इस संबंध में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सोनी ने कहा कि मामूली फॉल्ट को सुधारने में आठ घंटे का समय लगना विभाग की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। वार्ड के शैलेश गुप्ता ने बताया कि रात में बिजली बंद होने से लोगों को काफी परेशानी हुई। नगरवासियों ने फॉल्ट सुधार की व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा शिकायतों का त्वरित निराकरण करने की मांग की है, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। पूरी रात बिजली गुल होने के कारण कई बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ गई, कई लोगों का बीपी बढ़ गया था। बच्चे उमस एवं गर्मी से पूरी रात रोते बिलखते रहे। लोगों ने पूरी रात टहलते हुए गुजारी। बिजली काटने के बाद लोग विद्युत कार्यालय गए। लोग कर्मचारियों को फोन लगाते रहे परंतु किसी ने फोन नहीं उठाया। अततः सुबह सुबह होने पर फाल्ट को सुधारा जा सका।

### सर्प दंश की अलग अलग घटनाओं में दो की मौत

**अंबिकापुर**। सांप काटने की अलग अलग घटनाओं में किशोर समेत दो लोगों की मौत हो गई। सर्पदंश से गंभीर मरीजों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के राजपुर थाना अंतर्गत निवासी 19 वर्षीय रजनी पहाड़ी कोरवा मंगलवार की रात घर में जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रही थी। इस दौरान रात को उसने परिजन को बताया कि उसे किसी चीज ने काट लिया है। परिजनों ने बिस्तर की जांच की तो उसमें सांप मिला। रजनी को पहले राजपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया गया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में बतौली थाना अंतर्गत ग्राम बिलासपुर निवासी 51 वर्षीय शिवा 23 जून की रात जमीन पर सो रहा था। देर रात उसने बेटे को कमरे में सांप होने की जानकारी दी। बेटे ने देखा तो बिस्तर में सांप था, जिसे परिजनों ने मार दिया। हालांकि उस समय शिवा के शरीर पर सर्पदंश का स्पष्ट निशान नहीं मिला, इसलिए वह दोबारा सो गया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगडऩे लगी। उसने शरीर में दर्द और पेट में जलन की शिकायत की। सर्पदंश की आशंका पर उसे पहले बतौली अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्राम कंदरी में गाज की चपेट में आए दो ग्रामीण, मौत

**अंबिकापुर**। विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम कंदरी में गाज की चपेट में आने से दो ग्रामीणों की मौत हो गई। बुधवार को दोपहर में बारिश होने दौरान ग्रामीण पेड़ के नीचे बनी एक टपरी के नीचे खड़े थे। इस दौरान तेज गरज चमक होने के साथ गाज गिरी तथा गाज की चपेट में आने से दोनों ग्रामीणों की मौत हो गई। एक साथ दो ग्रामीणों की मौत होने से गांव में शोक का माहौल है।

## निधन



### श्रीमती मीरा गुप्ता


**अंबिकापुर**। शहर के किसान राईस मिल रोड निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता व समाजसेविका श्रीमती मीरा गुप्ता का बुधवार को निधन हो गया। वे प्रोफेसर जीएम गुप्ता की पत्नी थी। वे 74 वर्ष की थी और लम्बे समय से बीमार चल रही थी। वे अनुकान्त सत्यम, हिमांशु गुंजन, राजन गौरव की माता थी। वे अपने पीछा भरा पूरा परिवार छोड़कर चली गई। उनका अंतिम संस्कार 25 जून की सुबह 9 बजे स्थानीय शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# सरगुजा में मानसून की दस्तक, बिना बरसे बढ़ा आगे, बारिश के इंतजार में किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बढ़ी किसानों की चिंता, पिछड़ रही खेती

सरगुजा में अब मानसून का इंतजार खत्म हो गया है। अनुकूल परिस्थितियों में मानसून पहुंचा एवं बिना बरसे ही आगे निकल गया। इधर मानसून की गतिविधियों को शांत देख अभी भी लोग मानसून की बारिश का इंतजार कर रहे हैं। दक्षिण-पश्चिम मानसून मंगलवार को कुनकुरी, मैनपाट एवं उदयपुर के रास्ते सरगुजा की सीमा में दाखिल हो गया था तथा बिना बरसे ही अन्य क्षेत्रों से गुजरते हुए आगे की यात्रा पर निकल गया।




सामान्य तौर पर सरगुजा में मानसून के पहुंचने की तिथि 15 जून निर्धारित है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से मानसून के चलन में व्यापक बदलाव आया है तथा मानसून काफी विलम्ब से पहुंच रहा है। इसके पूर्व भी कई बार मानसून बिना बरसे ही सरगुजा को पार गया है। लेकिन मानसून के पहुंचते ही मौसम का नजारा बदल जाता है तथा मूसलाधार बारिश होती है। बिना बरसे मानसून के अग्रसर होना इसके कमजोर होने की निशानी मानी जाती है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मानसून के अगे निकलने पर पीछे-पीछे चलने वाले पॉकेट में वर्षा होती है। इसलिए अभी निराश होने की जरूरत नहीं है।

हालांकि मौसम विज्ञानी मानसूनी वर्षा के संबंध में कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं। अभी भी देश के विभिन्न क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण एवं मौसमी द्रोणिका प्रभावी हैं तथा खाड़ी से लगातार नमी भी पहुंच रही है लेकिनमानसून तरंगों की ऊर्जा कम होने के कारण मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में मानसून सरगुजा, सूरजपुर होते हुए कोरिया में आगे बढ़ रहा है। मानसून का ऊतरी छोर सूरत, इंदौर, मंडला, डाल्टेनगंज, मोतीहारी से गुजर रहा है। मध्यप्रदेश से सटे कोरिया जिले के कुछ हिस्सों को छोड़कर मानसून संपूर्ण छत्तीसगढ़ में छा गया है तथा इसके मध्यप्रदेश एवं यूपी की ओर बढ़ने की अनुकूल परिस्थिति निर्मित हैं।

### खाड़ी में हलचल होने का इंतजार

मानसून को ताकत मिलने के लिए बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने को जरूरी माना जा रहा है। खाड़ी में लो-प्रेशर बनने पर मानसून को ऊर्जा मिलेगी तथा अच्छी बारिश होगी। खाड़ी में अभी कोई हलचल नहीं है। बंगलादेश में एक चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी है लेकिन यह लो-प्रेशर का रूप लेगा इसकी संभावना कम है। ऐसी सथिति निर्मित होना चिंता का विषय है। मौसम विज्ञानी का कहना है कि इसके पूर्व भी कई बार मानसून के आगे बढ़ने पर मौसम साफ हो जाता है तथा तीन-चार दिन दूसरे सिस्टम के सक्रिय होने पर अच्छी वर्षा होती है। इस बार मानसून के पहुंचने पर दक्षिण छत्तीसगढ़ में अच्छी वर्षा हुई है जबकि उत्तर छत्तीसगढ़ से मानसून खाली निकल गया। मानसून गतिविधियों के नाम पर सिर्फ बादलों की आवाजाही चलती रही। बुधवार को मैनपाट के कुछ क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई है।

#### बदल रहा चलन

हाल के वर्षों में मानसून के चलन में व्यापक बदलाव देखा जा रहा है। पिछले साल भी सरगुजा में काफी विलम्ब से मानसून पहुंचा था जबकि वर्ष 2024 में मानसून समयपूर्व ही पहुंच गया था। इस साल की तरह वर्ष 2023 में भी मानसून 23 जून को पहुंचा था। इस बार मानसून पर अलनीनों का प्रभाव पड़ने एवं अलनीनों का कमोवेश प्रभाव मानसून पर बड़ने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अभी अलनीनों प्रशांत महासागर में आकार ले रहा है तथा अगस्त में इसके प्रभावी होने की संभावना जताई जा रही है।

#### आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियां

पिछले दो दिनों से दक्षिण-पश्चिम मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है तथा सुदूर उत्तर छत्तीसगढ़ में पहुंच चुका है। वर्तमान में मानसून कोरिया जिला में अग्रसर है तथा आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है।

-अक्षय मोहन भट्ट
मौसम विज्ञानी

## कृषि वैज्ञानिक एवं अधिकारी चला रहे जागरूकता अभियान

# बारिश एवं रासायनिक उर्वरकों की कमी से देशी नस्ल के बीज लगाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- किसानों ने शुरू किया बीड़ा लगाना

प्री मानसून की बारिश के बाद किसानों ने खरीफ फसलों की बुनाई प्रारंभ कर दी है। कृषकों ने धान का बीड़ा लगाना भी शुरू कर दिया है। बारिश एवं रासायनिक उर्वरकों की कमी को देखते हुए इस बार कृषि वैज्ञानिक उन्नतशील देशी नस्लों के बीज लगाने एवं जैविक खाद उपयोग करने पर जोर दे रहे हैं। स्थिति को देखते हुए बड़ी संख्या में किसान देशी नस्ल के संशोधित बीजों का उपयोग कर रहे हैं।

अभी भी क्षेत्र में मानसून के दस्तक देने का इंतजार किया जा रहा है। मौसम विज्ञानी बुधवार तक सरगुजा में मानसून के पहुंचने की संभावना जता रहे हैं। मौसम विभाग द्वारा प्रारंभ में जारी सूचना को लेकर मानसून की पर्याप्त बारिश को लेकर सशंकित है। दूसरी ओर अमेरिका–इरान युद्ध के प्रारंभ से ही रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता में कमी होने की बात कही जा रही है। हालांकि कृषि अधिकारी प्रारम्भिक जरूरतों के अनुसार सहकारी समितियों में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध होने की जानकारी दे रहे हैं। सहकारी समितियों द्वारा किसानों को रासायनिक उर्वरक उपलब्ध भी कराया जा रहा है लेकिन रासायनिक उर्वरकों के लिए शासन द्वारा हर उर्वरक की सीमा निर्धारित की गई है। मानसून में हो रहे विलंब के साथ ही भविष्य में कोई परेशानी न हो इसलिए कृषि वैज्ञानिक किसानों को कम समय में तैयार होने वाले धान की संशोधित देशी बीजों को लगाने की सलाह दे रहे हैं। कृषि अधिकारी भी गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक कर रहे हैं तथा रासायनिक उर्वरकों की जगह जैविक खाद एवं धान की संशोधित देशी बीज लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को हरी खाद के बीज उपलब्ध कराए गए हैं। हालांकि कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की समझाइश के बावजूद बड़ी संख्या में किसान निजी कंपनियों के हाईब्रीड धान बीज खरीद रहे हैं वहीं अन्य किसान अपने खेतों में पैदा हुए धान की किस्मों का बीज में उपयोग कर रहे हैं।


मक्के की फसल।


धान का बीड़ा लगाने की तैयारी करता किसान।

### देशी बीजों में अधिक क्षमता

मौसम विज्ञानियों के अनुसार धान, मक्का सहित अन्य किस्मों के संशोधित बीजों में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को झेलने की ताकत होती है। देशी नस्लों के संशोधित बीज कम समय में तैयार होते हैं तथा उपज भी पर्याप्त होती है। जैविक खाद के उपयोग से पौधे कम समय में बढ़ते हैं। जैविक खाद से खेत की मिट्टी की उर्वरा क्षमता में वृद्धि होती है जबकि रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरा क्षमता प्रभावित होती है तथा किसानों को अधिक मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करना पड़ता है। शासन द्वारा समितियों के माध्यम से एमटीयू 110, आईआर 36, आईआर 64 आदि के संशोधित एवं प्रमाणिक धान बीज उपलब्ध कराए गए है। कृषि वैज्ञानिक संशोधित देशी धान बीज आनंदा एवं तुलसी को भी लगाने एवं घर के बीजों को उपचारित करने के बाद ही बुनाई करने की सलाह दे रहे हैं।

#### बढ़ रहा बोता धान का रकबा

सरगुजा में धान की खेती पूरी तरह से वर्षा पर आधारित है। समय पर बारिश नहीं होने एवं बीच-बीच में कम वर्षा होने के साथ ही धान की रोपाई में अधिक खर्च होने के कारण क्षेत्र के किसान अब बोता धान की खेती पर जोर दे रहे हैं। प्रारंभ में ही किसान खेतों की जोताई कर धान बीज की बुनाई कर देते हैं। बोता विधि से धान की खेती में लागत बेहद कम आती है तथा समय पर फसल तैयार हो जाती है। समय पर धान की रोपाई के लिए श्रमिक उपलब्ध नहीं होते। ऐसे में पारंपरिक बोता विधि की खेती किसानों को पसंद आ रही है तथा बोता खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब तक 28524 हेक्टेयर रकबे में बोता धान जबकि 45990 हेक्टेयर में धान की रोपाई की गई है। किसानों ने 20640 हेक्टेयर में मक्का लगाया है। दलहन, तेलहन फसलों की भी बुनाई तेजी से चल रही है।

#### किया जा रहा जागरूक

किसानों को कम अवधि में तैयार होने वाले संशोधित देशी धान बीज लगाने एवं जैविक खाद का उपयोग करने, घर के बीजों को उपचारित करने के बाद ही लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बड़ी संख्या में किसान संशोधित देशी बीजों का उपयोग कर रहे हैं।

-डॉ. प्रदीप कुमार भगत
वैज्ञानिक, आलू अनुसंधान केंद्र, मैनपाट



# सैनिक स्कूल में पीवीसी बैडमिंटन कोर्ट उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नव-निर्मित पीवीसी बैडमिंटन कोट का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, कलेक्टर अजीत वसंत के आतिथ्य में किया गया। उद्घाटन पट्टिका का अनावरण कर पीवीसी बैडमिंटन कोट को समर्पित किया गया।

कार्यक्रम परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि से प्रारंभ हुआ। अतिथियों ने परमवीर चक्र विजेताओं के सम्मान में निर्मित परमवीर गैलरी का भी अनावरण किया। गैलरी में देश के परमवीर चक्र विजेताओं के अदम्य साहस, बलिदान एवं राष्ट्रसेवा से जुड़े प्रेरणादायी विवरण प्रदर्शित किए गए हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल ने विद्यार्थियों को खेलों एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय द्वारा खेल अधोसंरचना के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक खेल सुविधाएं विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान नव-निर्मित कोर्ट पर उद्घाटन मैच का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने विद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा खेल गतिविधयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीवीसी बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण से कैडेट्स को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे वे राष्ट्रीयएवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं कैडेट्स उपस्थित थे।

पेज 1 के शेष...

### कलेक्टर, एसएसपी ने किया...

जाए और उनकी आवश्यकताओं का समय पर निराकरण किया जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल संरक्षण से जुड़े संस्थानों में नियमित निरीक्षण एवं सतत निगरानी के माध्यम से बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनकी सुरक्षा तथा समुचित विकास सुनिश्चित किए जाएं। इस दौरान एसडीएम बनसिंह नेताम सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# पोखरी खदान में सड़ी- गली अवस्था में मिले शव की हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- ग्राम पचीरा निवासी 25 वर्षीय युवक के रूप में हुई पहचान, एक माह पूर्व से लापता था युवक

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बंद पड़ी ओसीएम खदान की पोखरी में गत 19 जून को सड़ी-गली अवस्था में मिले अज्ञात शव की पहचान पुलिस ने कर ली है,मृतक की शिनाख्त अतीश लाल एक्का (25 वर्ष), पिता रूपसाय एक्का, निवासी ग्राम पचीरा, जिला सूरजपुर के रूप में हुई है,पुलिस के अनुसार शव मिलने के बाद मृतक के कपड़ों की तस्वीरें समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक की गई थीं,इन्हीं तस्वीरों को देखकर मृतक के परिजनों ने बिश्रामपुर थाना पहुंचकर युवक की पहचान किए जाने की जानकारी पुलिस को दी,परिजनों ने बताया कि अतीश लाल एक्का करीब एक माह पहले किसी बात से नाराज होकर घर से निकल गया था और उसके बाद वापस नहीं लौटा,परिवार के लोग लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान अखबारों और सोशल मीडिया में पोखरी खदान में मिले शव तथा उसके कपड़ों की तस्वीरें देखने पर उन्हें संदेह हुआ कि शव अतीश का हो सकता है।

मृतक के भाई सोनेलाल एक्का, अन्य परिजनों तथा गांव के सरपंच ने थाना पहुंचकर पुलिस को अतीश की गुमशुदगी की जानकारी दी,पुलिस द्वारा जब मृतक की शर्ट, लोअर और कमर में बंधा भगवा रंग का गमछा दिखाया गया, तब परिजनों ने उसे अतीश के कपड़े के रूप में पहचान लिया। इसके बाद पुलिस ने पहचान संबंधी पंचनामा कार्रवाई शुरू कर दी है। चूंकि शव का अंतिम संस्कार अज्ञात शव के रूप में किया जा चुका था, इसलिए अब शव को कब्र से बाहर निकालने के लिए एसडीएम से अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है,पुलिस का कहना है कि मृतक की पहचान की पुष्टि के लिए डीएनए परीक्षण सहित अन्य आवश्यक कानूनी और वैज्ञानिक प्रक्रियाएं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पूरी की जाएंगी।

# नशीले इंजेक्शन और कार समेत तस्कर गिरफ्तार

**सलका अघिना**। नशे के खिलाफ अभियान में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने 360 नग नशीला इंजेक्शन व कार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि एसएसपी प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर जिले में नशे के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में भटगांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोहम्मद रवि कार से नशीला इंजेक्शन लेकर आ रहा है। सूचना के बाद एएसपी योगेश कुमार देवांगन और एसडीओपी अभिषेक पैकरा के मार्गदर्शन में 24 जून को भटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बुंदिया फुटबॉल ग्राउंड के समीप घेराबंदी कर बिश्रामपुर करंजी चौकी अंतर्गत दतिमा आमापारा निवासी 54 वर्षीय मोहम्मद रफी आ. स्व. सहाबुद्दीन अंसारी को हिरासत में लेकर वाहन की तलाशी ली गई। इस दौरान कार के अंदर सीट पर रखे बैग से 180 नग एविल इंजेक्शन और रेक्सोजेनिक 180 नग कुल 360 तक नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया है।




# नवीन सर्व सोनार समाज ने नवनिर्वाचित पार्षदों को किया सम्मानित

**अम्बिकापुर**। नवीन सर्व सोनार समाज की मासिक बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में समाज के निर्वाचित पार्षदों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

बता दें कि समाज की परम्परा के अनुसार प्रतिमाह के अंतिम मंगलवार को यह बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें समाज के वरिष्ठजन एवं युवा वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित होते हैं। इस बार स्वजातीय पार्षदों को साल फल देकर सम्मानित किया गया। समाज के अध्यक्ष द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। बैठक का मुख्य आकर्षण हाल ही में सम्पन्न हुए नगर निगम चुनाव में विजयी होकर पार्षद पद पर निर्वाचित हुए समाज के तीनों प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह रहा। समाज जनों ने जितेन्द्र सोनी, श्रीमती सुषमा सोनी एवं श्रीमती विमला सोनी को मंच पर आमंत्रित कर शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर समाज के सदस्यों व पदाधिकारियों ने नव-निर्वाचित पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को आप तीनों से बड़ी अपेक्षाएं हैं आप न केवल अपने वार्ड बल्कि पूरे सोनार समाज के हितों की रक्षा करें और समाज की एकता को बनाए रखें। तीनों पार्षदों ने मंच से समाज का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि वे समाज के विकास, शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज का सम्मान ही उनका सम्मान है। पार्षद जितेंद्र सोनी ने कहा कि समाज को एक भव्य सम्मलेन का आयोजन करना चाहिए ताकि समाज एकजुट होकर आगे बढ़ता जाए और लोक हित में कार्य करता रहे। पार्षदों ने आश्वस्त किया कि जब भी उनकी जरूरत होगी वे समाज के नेक कार्यों लिए उपस्थित रहेंगे। बैठक में समाज के युवाओं की सक्रिय भागीदारी, शिक्षा प्रोत्साहन योजना, एवं आगामी त्योहारों पर होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन समाज के सचिव विजय सोनी व आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर नवीन सर्व सोनार समाज के संभागीय मार्गदर्शक शिवराम सोनी, जिला अध्यक्ष विनोद सोनी, सदस्य रवीन्द्र स्वर्णकार, अशोक कुमार सोनी, प्रकाश सोनी, मनीष कुमार सोनी, विकास सोनी, राजेश सोनी, राहुल सोनी, पियुष सोनी, रघुनाथ प्रसाद सोनी, अमित सोनी, बृजकिशोर सोनी, नाजेद्र सोनी, विपल सोनी, सुरजीत सोनी, संतोष सोनी, शीतल सोनी, शिव कुमारी, उर्मिला सोनी, अंजू एवं विनोद सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।



तेज डायग्नोस्टिक
ब्लड बैंक (सेंटर)/ डॉक्टर्स हाउस (A unit of MRM Pvt. Ltd.)
7000619700
Surguja की पहली Siemens Mammomat Nova 3000 Machine
से सटीक और आरामदायक Mammography सेवा
अब Tej Diagnostic Centre पर उपलब्ध!
समय पर जांच, स्वस्थ जीवन की पहचान
बाबूपारा जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
8224007799,7000619700


जीवेत् शरदः शतम्
सरगुजा संभाग के जाने-माने अधिवक्ता
हमारे आदरणीय बड़े भईया
श्री संजय अम्बष्ठ जी को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
नाम - श्री संजय अम्बष्ट
जन्मतिथि - 25 जून 1970
शिक्षा - एमए (भूगोल, इतिहास, राजनीति, समाजशास्त्र),बीएड, एलएलबी
प्रारंभिक शिक्षा - मणिपुर प्राथमिक शाला, अम्बिकापुर
उच्च शिक्षा - पीजी कॉलेज, अम्बिकापुर
विवाह - 27 नवम्बर 2000
पेशा - वकालत (1993 से)
विशेषज्ञता - आपराधिक मामले
रूचि - खेलकूद, किताबे पढ़ना, सामाजिक कार्य
पसंदीदा रंग - पीला शर्ट, टीशर्ट, काला पैंट
सबसे अच्छी मित्र - पूनम (धर्मपत्नी)
जिससे प्रभावित हुए - श्री सुरेन्द्र तिवारी (सेवानिवृत्त न्यायाधीश)
सबसे दुखद समय - माँ का असमय चले जाना
मूल सिद्धांत - अपने पेशे में ईमानदारी
"ईमानदारी हमारा मूल सिद्धांत है,
कर्म हमारी पहचान है,
और समाजसेवा हमारी जिम्मेदारी है।"
AZAAD IRAQI
M/S BLACK DAIMOND COAL TRADERS


आप स्वास्थ्य व दीर्घायु हो, मां महामाया आपकी सभी मनोकामना पूर्ण करें।
सरगुजा संभाग के जाने माने अधिवक्ता हम सब के आदरणीय
श्री संजय अम्बष्ट जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
25 जून
आपका नेतृत्व,
आपकी सोच और समाज के
प्रति आपका समर्पण हमें
हमेशा प्रेरणा देता है।
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं।
आपका सम्मान हमारा स्वाभिमान
अनिल साहू
प्रवेंन्द्र लाल (पिंकू)